हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025



## शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ा, एनीकट उफान पर...



बेरला। ब्लॉक में स्थित शिवनाथ नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से एनीकट उफान मारने लगा है। बता दें कि बेरला क्षेत्र में पानी की समस्या से किसान जूझ रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में बारिश को लगभग 15-18 दिन बीत गए, लेकिन झमाझम बारिश नहीं हुई। वर्ष 2025 की तुलना बारिश की जाए तो पिछले वर्ष किसान इतने परेशान नहीं थे। अब शिवनाथ नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से नदी उफान मार रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि तांदुला का पानी छोड़ने लगातार मांग कर रहे थे, ताकि बेरला क्षेत्र के किसानों के खेत में पानी पहुंच सके। उक्त किसानी में इस वर्ष सबसे प्रभाव पड़ने वाले समस्या पानी ▶▶शेष पेज 13 पर

**अपराध**

**घटना के बाद गांव में हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस**

# जमीन विवाद पर महिला की हत्या आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

अनुविभागीय पुलिस व थाना बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरिया में हत्या का एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। पुलिस थाना बेरला के ग्राम बोरिया में मामूली जमीन विवाद के चलते एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर महिला की हत्या कर दी।

यह घटना बुधवार की सुबह 9.30 से 10.30 बजे की बतायी जा रही है। मृतिका महिला निर्मला बाई 38 वर्ष व आरोपी तुकेराम यादव 28 वर्ष के बीच जमीन को लेकर आपसी विवाद छिड़ गया, जिससे आरोपी तुकेराम यादव ने धारदार हथियार से हत्या की नियत से वार कर महिला को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना में महिला निर्मला बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना से बोरिया में सन्नाटा व अफरा-तफरी मच गई। इस घटना की जानकारी गांव वालों ने नजदीकी पुलिस थाना बेरला को दी। साथ ही आरोपी महिला की हत्या कर हथियार के साथ नजदीकी थाना बेरला में जाकर अपने आपको थाने में समर्पण कर दिया और अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस को जानकारी मिलते ही बोरिया घटना स्थल पहुंची और लाश की पहचान निर्मला बाई 38 वर्ष के रूप में की गई। साथ ही उचित जांच व जानकारी के बाद पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला भेजा गया। इसके अलावा बेरला पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों व प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतिका निर्मला बाई व आरोपी तुकेराम यादव के बीच विवाद और भी हो चुके हैं।

### पहले भी हुआ था विवाद



मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से पड़ोस के आरोपी युवक तुकेराम यादव से जमीन संबंधी विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह महिला व आरोपी के बीच सुबह बहस हो गई। इस बीच पड़ोसी तुकेराम यादव के बीच घर के पास सड़क में धारदार हथियार से सिर पर कई बार वार कर हमला कर दिया, जिससे महिला लहुलूहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों ने नजदीकी पुलिस थाना बेरला को सूचना दी।

### हत्या करना कबुल किया

आरोपी व मृतिका के बीच जमीन विवाद हुआ, जिससे आरोपी तुकेराम यादव ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी आत्मसमर्पण के लिए थाने की ओर आ रहा था कि उसे रास्ते में गिरफ्तार किया गया।

- **कृष्णकांत सिंह**, थाना प्रभारी, बेरला






**खबर संक्षेप**

### अंडर 14 वर्ग के खिलाड़ियों का चयन 24 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के कैलेंडर अनुसार दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 14 के लिए खिलाड़ियों का चयन 24 अगस्त को सुबह 8.30 से 12 बजे तक रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसी के टूर्नामेंट चयन तथा सिलेक्शन मैच में शिरकत करेंगें। अंडर 14 वर्ग खिलाड़ियों का चयन उनके स्किल, बैटिंग, बोलिंग एवं विकेट कीपिंग तथा फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल्स से संभावित खिलाड़ियों का चयन चयनकर्ताओं तथा क्रिकेट बोर्ड आब्जर्वर की देख रेख में किया जायेगा। अंतिम 20 सदस्यी जिला टीम का चयन सिलेक्शन मैच के आधार पर किया जायेगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए अंडर 14 खिलाडियों का कट ऑफ़ डेट 01 सितंबर 2011 से 31अगस्त 2013 के ख़लिाड़ी भाग ले सकतें है।

### भाजयुमो अध्यक्ष योगराज किए गए सम्मानित



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के भाजपा जिला बेमेतरा पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा को प्रदेश नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ भाजयुमो अध्यक्ष नियुक्त कर संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। कार्यकर्ताओं का उत्साह और भविष्य की दिशा प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत कार्यकर्ताओं में हर्ष है। इस अवसर पर भिलाई से परमजीत सिंह (टोनी) जतिन वर्मा, आशीष यादव, शरद सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लिया कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन और राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भाजयुमो नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन, लोक निर्माण विभाग की सड़कों के लिए भू-अर्जन प्रकरणों, राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयों में प्रकरणों का त्वरित निराकरण, एग्रीस्टेक के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन एवं किसान आईडी निर्माण तथा खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक पूर्ण करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

## सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी संभागायुक्त एवं कलेक्टर की ली समीक्षा बैठक

### लंबित प्रकरणों का करें निराकरण

राजस्व विभाग के अंतर्गत संचालित ई-कोर्ट प्रणाली पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के कलेक्टरों से कहा कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। इससे न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति भी आएगी। साथ ही उन्होंने संभागीय आयुक्त न्यायालयों में न्यायालयीन प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने कहा। इस दौरान कृषि विभाग की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ एग्रीस्टेक प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।



### फसल सर्वेक्षण हो पारदर्शी

मुख्यमंत्री ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि यह सर्वेक्षण 15 अगस्त से आरंभ कर 30 सितम्बर तक पूर्ण किया जाए। सर्वेक्षण का कार्य सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध होना चाहिए, जिससे भविष्य में किसानों को फसल बीमा, मुआवजा और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों से कहा कि विकास कार्य और जनसेवा से जुड़े कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। एनआईसी कक्ष में संभाग आयुक्त एसएन राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के आयोजन के संबंध में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक जिले में रजत महोत्सव को गरिमामय और जनसहभागिता के साथ आयोजित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए प्रत्येक विभाग द्वारा एक-एक सप्ताह स्थानीय त्यौहार एवं विशेष अवसरों पर कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो रजत जयंती समारोह का ही एक महत्वपूर्ण भाग होगा।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल : दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे एनएचएम कर्मी

# दावा : नवजात शिशु वार्ड, पोषण पूरक केंद्र और डीईआईसी बंद, सीएस : प्रभावित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में भी राष्ट्रीय कार्यक्रम पर पड़ने लगा है असर**

एनएचएम कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। एनएचएम संगठन ने दावा किया कि हड़ताल की वजह से दूसरे दिन जिला अस्पताल का नवजात शिशु वार्ड बंद सहित पोषण पूरक केंद्र,डी.ई.आई.सी बंद पड़े हैं। शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट,सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जाँच बाधित रही है। इधर सिविल सर्जन का कहना है कि एनएचएम के कोई भी डॉक्टर हड़ताल पर नहीं गए हैं। जिसकी वजह से ये सेवाएं प्रभावित नहीं हुई है।





**भारी बारिश में भी डटे रहे कर्मी**

मंगलवार की दोपहर झमाझम बारिश हुई। हड़ताली कर्मी छाता ओढ़कर पंडाल में बैठे रहे और अपनी मांगें पूरी करने नारेबाजी करते रहे। दुर्ग जिले के 750 कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। उनकी नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि सहित दस सूत्रीय मांगे हैं। को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में टीकारण, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण ठप

जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी एनएचएम कर्मी ज्यादातर पदस्थ हैं। हर मंगलवार को इन केंद्रों में टीकाकरण सत्र चलता है। गर्भवती महिलाओं की जांच भी होती है। इसके अलावा एनएचएम कर्मी स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं। ये सभी कार्य ठप सा हो गया है।

### संस्थागत प्रसव व राष्ट्रीय कार्यक्रम पर असर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है। केंद्रों में जब महिलाएं डिलीवरी के लिए पहुंच रही है तो उन्हे दिक्कतें आ रही है। हड़ताल को देखते हुए ऐसी महिलाओं को हायर सेंटर जाना पड़ रहा है। टीबी, मलेरिया, कुष्ठ सहित मौसमी सर्दी खासी बुखार,टाइफाइड जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयाँ नहीं मिल रही। स्वास्थ्य विभाग का विभिन्न ऑनलाइन एंट्री नहीं हो पा रही है।

### मांगे पूरी होने तक डटे रहें

दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने हड़ताली कर्मियों से कहा कि संगठन ने 170 से अधिक बार पिछले डेढ़ साल में ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए।

### सेवाएं प्रभावित नहीं

जिला अस्पताल से 107 एनएचएम कर्मी हड़ताल पर गए हैं। कोई भी डॉक्टर हड़ताल पर नहीं है। नियमित कर्मचारी दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसलिए कोई भी चिकित्सा सेवा प्रभावित नहीं है।
**-डॉ. एके मिंज,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

# सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद स्पर्धा, विजेता सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आत्मानंद स्कूल दीपक नगर में सड़क सुरक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें श्रेष्ठ प्रतिभागी को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनूप गटागट, पार्षद मनोज सोनी, प्राचार्य शेफाली सोनी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर प्राथमिक शाला मालवीय नगर, प्राथमिक शाला गुरु नानक नगर, पूर्व प्राथमिक शाला मालवीय नगर के बच्चों ने देश भक्ति का संदेश देते हुए अनेक कार्यक्रम जैसे नृत्य, भाषण, गीत आदि प्रस्तुत किया। कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शाला की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में 12वीं अंग्रेजी माध्यम प्रेरणा यादव, भूमिका यादव, पूर्णिमा पात्रो 12वीं हिन्दी माध्यम लव यादव, केसरी देवांगन, शिवानी वर्मा को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम से दिव्यांशी यादव, कुमकुम सिन्हा, सिद्धार्थ ताम्रकार तथा हिन्दी माध्यम से देवा ठाकरे, वैभव, सोनल साहू, आठवीं कक्षा से खुशी सोनी, पांचवीं कक्षा से गौरव को भी प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विजय जलकारे, विनोद राव, राजेश शुक्ल, संदीप, ओमप्रकाश, चन्द्रशेखर शास्त्री, राजेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

■ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

### युक्तियुक्तकरण समिति की बैठक 25 को

**दुर्ग।** संभाग स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति की बैठक की तारीख में बदलाव किया गया है। जिसके अनुसार पूर्व में बैठक की तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गई थी, जिसे अब बदलकर 25 अगस्त कर दिया गया है। उक्त बैठक संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे और शाम 4 बजे होगी। संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

# सूकर पालन से बढ़ सकती है किसानों की आमदनी, फायदे जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 20 अगस्त को कार्यशाला का समापन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य ने किया। प्रशिक्षण में जशपुर से लोगों को भेजा गया है। कार्यशाला में सूकर पालन की संभावनाएं, छत्तीसगढ़ की जलवायु के लिए उपयुक्त नस्ल, उनका आवास एवं सामान्य प्रबंधन, भोजन का प्रबंधन, गर्भवती सूकर की देखभाल, प्रसव प्रबंधन एवं मेमनों का प्रबंधन, स्वच्छ मांस उत्पादन तकनीक, सूकर पालन हेतु बैंक लोन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन का विशेष स्थान है। वैज्ञानिक पद्वति द्वारा सूकर पालन कर छोटे एवं भूमिहीन किसान भी अधिक से अधिक आर्थिक लाभ अर्जित कर सकते है। साथ ही ग्रामीण उद्यमी बनकर शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को ग्राम-स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति सिंह एवं डॉ.वंदना भगत ने किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, डॉ. संजय शाक्य, डॉ. जीके दत्ता, डॉ.धीरेन्द्र भोंसले, डॉ.दिलीप चौधरी, डॉ.रामचन्द्र रामटेके, डॉ.जागृति कृष्णन, डॉ. रजनी फ्लोरा कूजूर, डॉ.भुवनेश्वर पॉल सिंह कंवर सहित अन्य मौजूद थे।

## सहकारी समिति माटरा में अध्यक्ष के मनोनयन को चुनौती, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

माटरा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनयन को लेकर ग्रामीणों ने चुनौती दी है। उन्होंने इसे लेकर पंजीयन कार्यालय सहकारी संस्थाएं और कलेक्टर से शिकायत की है। उन्होंने लिखित शिकायत में कहा है कि जिला सहकारी समिति मर्या. माटरा में अध्यक्ष पद पर खुमान साहू ग्राम गोता का मनोनयन किया गया है। जबकि वे उनके नाम पर अनाज व्यापार लाइसेंस दर्ज है।

कोचिए के रूप में वे खुद धान की खरीदी करती हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच कर अध्यक्ष को हटाए जाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में संजू राजपूत, राजेश पटेल, लवकुश, संतोष साहू, रमेश साहू, गोवर्धन साहू, नरेश साहू, वंदना नेताम सहित अन्य शामिल हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि व्यापारी और कोचिया को अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पद पर नहीं बैठाना चाहिए, बाकी किसी भी किसान या पढ़े-लिखे व्यक्ति को इस पद पर जिम्मेदारी सौंप दी जाए। उन्होंने इस मामले लेकर उच्च अधिकारियों से भी शिकायत करने की बात कही है।

■ निष्पक्ष जांच कर अध्यक्ष को हटाने की मांग

# कामधेनु में स्थापना एवं वित्त विभाग को पेपरलेस करने एनआईसी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दाऊ श्रीवासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजूरॉय के निर्देशन में आईसीटी सेल द्वारा विश्वविद्यालय की सभी इकाईयों के स्थापना एवं वित्त विभाग को पेपरलेस करने के लिए एनआईसी द्वारा तैयार वेबमॉड्यूल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न इकाईयों, पॉलीटेक्निक आदि में कार्यरत स्थापना एवं वित्त विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कम्प्यूटर एक्सपर्ट, विवि जनसंपर्क अधिकारी के साथ 42 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजूरॉय ने कहा कि स्थापना एवं फाईनेंस मॉड्यूल की मदद से कर्मचारी प्रबंधन और वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता, बिल भुगतान आदि की प्रक्रिया में तेजी तथा प्रशासनिक कार्यों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने से समय की बचत, दैनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक नीतियॉ, वित्तीय लेन-देन का रिकॉर्ड, विभिन्न स्त्रोतो से धन प्राप्त कर उनका प्रबंधन आदि कार्यों को पेपरलेस माध्यम से सुचारू रूप से संपादित किया जा सकता है। कम्प्यूटर प्रोग्रामर अब्दुल मन्नान एवं एनआईसी में कार्यरत प्रवीण कौशिक द्वारा पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

■ विभिन्न इकाइयों के 42 अधिकारी-कर्मचारी शामिल

# सुराना महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह में हुई पोस्टर और क्वीज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया। इस दौरान कॉलेज के एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम पोस्टर प्रदर्शनी तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना रहा।

इस सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टर्स के माध्यम से रैगिंगमुक्त कैंपस का सशक्त संदेश दिया। प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा ने कहा कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है। हमारे संस्थान में इस पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ आयशा अहमद, सदस्य राकेश दिवाकर, युगेश देशमुख, भागवत देवांगन एवं प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षाविद् बलदाऊ बने केन्द्रीय राजभाषा विभाग के सदस्य



**दुर्ग।** वरिष्ठ साहित्यकार बलदाऊ राम साहू मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय नईदिल्ली की संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति के लिए राजभाषा विभाग द्वारा सदस्य नामित किए गए हैं। यह सूचना उन्हें गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने दी है। ज्ञात हो कि बलदाऊ राम साहू एक शिक्षाविद व बाल साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं। वे सचिव, छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, रायपुर के पद से फरवरी 2020 में सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके 30 से अधिक रचना संग्रह प्रकाशित हैं जिसमें 20 से अधिक बाल-साहित्य है।

## संभाग आयुक्त ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# संभागस्तरीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रक्रिया होगी जल्द शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागवार समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की।

■ कर्मचारियों को किया जाएगा प्रशिक्षित

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कहा कि शासन की गुड-गवर्नेंस नीति के तहत दुर्ग संभाग के अंतर्गत सभी संभागस्तरीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने संभाग प्रमुख अधिकारियों को ई-ऑफिस की प्रक्रिया के तहत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षित करने कहा। संभाग आयुक्त ने उपायुक्त को अधिकारियों और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए शीघ्र संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित करने को कहा। संभाग आयुक्त ने स्वच्छ छत्तीसगढ़ मिशन की समीक्षा करते हुए नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के अधिकारी को शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में मौका निरीक्षण करने उपायुक्त को निर्देशित किया। इस अवसर पर उपायुक्त (राजस्व) पदुमलाल यादव, उपायुक्त (विकास) संतोष ठाकुर सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### संयुक्त आयोजन कर नशा के विरुद्ध लाएं जागरुकता

मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान पुलिस, उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग को रैली आदि का संयुक्त आयोजन कर विद्यार्थियों के माध्यम से जन-जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैली में विद्यार्थियों की भागीदारी से वे स्वयं नशे के दुष्परिणाम से अवगत होंगे।

### समिति को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश

संभाग आयुक्त ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में सर्तकता पूर्वक कार्यवाही करने कहा। संभाग आयुक्त ने संभाग के सभी पंचायतों में सहकारी समिति गठन की समीक्षा के दौरान मछुआ एवं दुग्ध समिति को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अब तक 1106 ग्राम पंचायत को समिति गठन के संबंध में कवर कर लिया गया है। बैठक में संभाग आयुक्त कार्यालय के प्राप्त पत्रों के निराकरण हेतु विभिन्न कार्यालयों को प्रेषित पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा भी की गई।

# देशभक्ति गीतों ने बढ़ाया उत्साह पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**भिलाई।** आरोग्य भारती टीम और सन राइज वूमेन क्लब के तत्वावधान में आजादी का जश्न मनाते हुए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आरोग्य भारती की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी, गीता पांडे, वीना माहूले, आशा त्रिपाठी, आशा तिवारी, अंजू सिंह, साधवानी, अनुप्रिया अपाले सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण कर दी गई। जिसके बाद सभी ने मिलकर पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल राष्ट्र के लिए ही नहीं, बल्कि प्रकृति के लिए भी आवश्यक है, और वृक्षारोपण इसका सबसे उत्तम माध्यम है। इन पौधो के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। कार्यक्रम में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना का सुंदर संगम दिखाई दिया। इस दौरान सभी सदस्याओं ने गीत और नृत्य की भी प्रस्तुतियां दी।

## खबर संक्षेप



### बारिश से नहीं होगा कीचड़

**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व में विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। यहां पार्षद निधि से सीमेंटीकरण कार्य होना प्रस्तावित है। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि संयत्र ने तीन दशक पहले आवास निर्माण कराया है। वर्तमान में आवास जर्जर हो चुका है और बारिश के मामूली पानी से घर के सामने कीचड़ हो जाता है। सीमेंटीकरण कार्य से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संजू नेताम, एमआईसी जहीर अब्बास, अनील देशमुख, जमुना ठाकुर समेत नागरिक उपस्थित थे।

### संपत्ति कर का अधिभार माफ करने की रखी मांग

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री तथा नगरी निकाय मंत्री अरुण साव के समक्ष वार्ड 30 की पार्षद सत्या देवी जयसवाल ने मांग रखी कि नगर निगम के संपत्ति कर में लगने वाले अधिभार को समाप्त की जाए।



उन्होंने कहा कि नगर की जनता टैक्स तो पटाना चाहती है किंतु अगर किसी कारणवश अगर देर हो जाती है तो उसका अधिभार प्रतिवर्ष 1000 लिया जाता है अगर किसी व्यक्ति के मकान का टैक्स 400 है और वह समय पर किसी कारणवश टैक्स नहीं जमा कर पाता तो उसका फाइन 1000 लगता है जो कि न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को टैक्स देने वाली जनता अधिकांश श्रमिक बस्ती के लोग हैं जो कि रोज की रोजी मजदूरी कर अपना परिवार पालते हैं उनके ऊपर यह अतिरिक्त बोझ पड़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मांग की है कि जल्द से जल्द इस संपत्ति कर के अधिभार को समाप्त कर जनता को राहत प्रदान की जाए। साथ ही नगर निगम भिलाई में 260 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को भूमिपूजन के लिए आभार जताया।

### महापौर ने दिया बच्चों को पौष्टिक आहार देने का निर्देश



**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। महापौर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार और गर्म भोजन नियमित दिया जा रहा है कि नहीं इस बात की पुष्टि निगम के विभागीय अधिकारी अनिवार्य रूप से करे। इस अवसर पर महापौर परिषद की विभागीय सदस्य रंजिता बेनुआ और स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम उपस्थित रहे। महापौर और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आजीविका मिशन प्रभारी रंजिता बेनुआ ने विभाग की समीक्षा की। महापौर ने सबसे पहले महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ कर्मचारियों और किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर आंगनबाड़ी की स्थिति और बच्चों की संख्यात्मक जानकारी केन्द्रवार एकत्रित किया जाए। इसके अलावा महापौर ने शासन द्वारा चलाए जा रहे कल्याण कारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की। महापौर ने महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी अधिकारी शैलेष साव को निर्देश दिए।

### केंद्र सरकार की अमृत मित्र- 2.0 योजना शुरू

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमन फार ट्री योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहो के माध्यम से उद्यानों एवं रिक्त स्थलों में वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। ननिभि में कुल 40 उद्यानों के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया था। जिसमें से 36 उद्यानों के लिए महिला स्व-सहायता समूहो से आफर प्राप्त हुआ था।

# बहुमंजिला नगर सेवाएं भवन में कर्मियों का छूटता है पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के तीनमंजिला भवन में ऊपरी मालों में जाने के लिए लोगों का पसीना छूट रहा है। लिफ्ट नहीं होने के कारण कर्मचारियों और काम के लिए आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है। चालीस साल से लिफ्ट लगाने की योजना ठंडे बस्ते में पड़ी है। नगर सेवाएं विभाग (एस्टेट आफिस) कार्यालय का भवन जयंती स्टेडियम मैदान के सामने स्थित है। इस तीमंजिला भवन में टाउनशिप की सुविधाओं से संबंधित विभिन्न अनुभागों के कर्मचारी, अधिकारी काम करते हैं। साथ ही समस्याओं को लेकर बीएसपी कर्मचारी और व्यवसायी आदि का भी आना जाना लगा रहता है। लेकिन वर्षों बाद भी ऊपरी फ्लोर मे जाने के लिए लिफ्ट नहीं लगाई गई है। इससे सभी को असुविधा व दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा इस के भवन के निर्माण के दौरान अन्य बहुमंजिला भवनों की तरह यहां भी लिफ्ट लगाए जाने की योजना थी। इस दौरान 90 के दशक में सीटीए (नगर सेवा प्रमुख) टाउनशिप प्रमुख एमआरआर नायर, जो बाद में सेल चेयरमेन भी बने और पूर्व सीटीए के. प्रसाद राव के कार्यकाल में भी यहां लिफ्ट लगाने की तैयारी कर ली गई थी लेकिन परिणाम अब तक शिफर है। जबकि इस्पात भवन,सेक्टर 9 हास्पिटल और प्लांट के कुछ भवनों में भवनों में कर्मियों की सुविधा के लिए शुरु से ही लिफ्ट लगी है।

## चालीस साल से लिफ्ट लगाने की योजना ठंडे बस्ते में

### महिलाओं व प्रौढ़ कर्मियों को दिक्कत

नगर सेवाएं विभाग के भवन में अब तक लिफ्ट नहीं लगाए जाने के कारण यहां कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों के अलावा यहां बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायत व अन्य कामों से आने वाले टाउनशिप के लोगों को रही है। महिला कार्मिकों और प्रौढ़ आयु के कर्मियों अधिकारियों को चढ़ने, उतरने में परेशानी होती है। कुछ कर्मियों को अस्थमा, बीपी व हार्ट आदि की शिकायत के साथ भारी शरीर भी होने से असुविधा होती है। उन्हें फाइल लेकर दिन में कई बार चढ़ना उतरना पड़ता है। ऐसी ही स्थिति बाहर के लोगों की भी है। कई कार्मिक तो रिटायर भी हो चुके हैं। कर्मियों की तरह व्यापारियों आदि को भी परेशानी हो रही है। व्यवसायियों ने बताया कि बिलिंग, लीज डीड आदि कार्यों से अक्सर इस्टेट आफिस आफिस आना होता है लेकिन लिफ्ट नहीं होने से परेशानी हो रही है। लोगों की परेशानी को देखते हुए प्रबंधन को जल्द लिफ्ट लगाने की जरुरत है।

अलग खबर



**कार्रवाई**

**जांच टीम सात दिनों के भीतर प्रस्तुत करेगी रिपोर्ट**

# जलाशय की भूमि हेराफेरी की जांच करने टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर स्थित एकमात्र जलाशय में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। इस मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है, जो सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस मुद्दे को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिससे प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ईश्वर साहू ने राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक की और सरकारी बांध के सीमांकन का निर्देश दिए।



यह जलाशय, जिसे सिंचाई विभाग ने 2013 में नगर पंचायत को सौंप दिया था, देखरेख में लापरवाही और जमीन से खिलवाड़ के कारण अब अपनी पहचान खोता जा रहा है।



### जांच के घेरे में पटवारी

इस मामले में पटवारी की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। खबर के अनुसार, जलाशय की 3.15 डिसमिल जमीन दो वर्षों तक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस के नाम पर दिखाई जा रही थी। विवाद बढ़ने पर इसे वापस सरकारी घोषित किया गया, लेकिन 14 अगस्त को यह जमीन छोटे जंगल और चारागाह में बदल गई। इस तरह के लगातार बदलावों ने लोगों के बीच कई तरह की चर्चाओं को जन्म दिया है।

खबर का असर


जलाशय की 3.15 एकड़ भूमि के रिकार्ड में हेराफेरी

### जांच टीम में तीन अधिकारी शामिल

प्रशासन ने इस मामले की गहन जांच के लिए एक टीम बनाई है, जिसमें तहसीलदार उईस्यानी के मानकर, जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी उमाकांत सुकदेवे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत लोन्हारे शामिल हैं। यह साजा के इतिहास में पहली बार है कि किसी मामले की इतनी बड़ी जांच हो रही है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# हायर सेकंडरी में कैरियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुधेली भिंभौरी में बढ़व संगवारी संस्था रायपुर द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का कैरियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें प्रशिक्षक के रूप में सेवानिवृत जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल, काउंसलर राजेश्वरी परगनिहा, सेवा सहायक प्राध्यापक एससीईआरटी रायपुर शिवकुमार वर्मा, सेवा सहायक प्राध्यापक एससीईआरटी रायपुर राधेश्याम बघेल, सामाजिक कार्यकर्त्ता चंद्रशेखर परगनिहा मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों का एक मनोवैज्ञानिक परीक्षा आयोजित कर उनके रुचियों एवं व्यक्तित्व के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

जिसके अनुसार कैरियर चुनने हेतु मार्गदर्शन दिया गया साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न आवश्यक जानकारियाँ भी प्रदान किया गया। बढ़व संगवारी संस्था विगत दस वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा हेतु सहयोग भी प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख आरएन ध्रुव, व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा, व्याख्याता सुरेंद्र कुमार वर्मा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।



# मानपुर में धूमधाम से दही हांडी उत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के वार्ड नंबर 2 स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को दही हांडी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन समिति के सदस्य प्रेम वर्मा ने बताया कि दही हांडी की ऊंचाई इस बार 15 फीट रखी गई थी, ताकि मटकी फोड़ने के दौरान किसी को कोई चोट न लगे। यह परंपरा पिछले 10 वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है।

■ बच्चों ने कृष्ण का रूप धारण कर मोहल्ला भ्रमण किया

उत्सव की शुरुआत नन्हें बालक को भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाकर की गई। बाजे-गाजे के साथ मोहल्ला भ्रमण कराया गया और इसके बाद मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में समिति के राम वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, भुरुवा यादव, दीपक पाण्डेय, फणेन्द वर्मा, कौशल वर्मा, लेखु वर्मा, मन्नु वर्मा, संतराम वर्मा, शिवकुमार सिन्हा, राजेश वर्मा, टेमचंद वर्मा, अतुल वर्मा, नेमसिंह वर्मा, महेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, रवि वर्मा, अज्जू वर्मा, सुरज वर्मा, राकेश वर्मा, लक्ष्मी नारायण, मिथलेश, अजय, तरुण, गणेश सिन्हा, रोहित सिन्हा, विजय वर्मा, मुरली साहू, दिनेश वर्मा, चुरामनी साहू, रामखेलावन सिन्हा, राजा वर्मा, दादु वर्मा, मानु वर्मा, अवधेश यादव, प्रकाश वर्मा, राजा बंगाली व तोषन साहू सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य व मोहल्लेवासी शामिल रहे।

# राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर कांग्रेस ने मनाया सद्भावना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष रामेश्वर साहू के नेतृत्व में बुधवार को राजीव गांधी चौक में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर सद्भावना दिवस मनाया गया। कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के स्टैचू पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विजय बघेल, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता दुबे, प्रभारी महामंत्री खेमन टंडन, महामंत्री दिनेश तिवारी, वरिष्ठ नेता धरमवीर खुराना, गुरभेज सिंह गुंबर, यवन डिंडोरे, रामनिहोरा सेन, लक्ष्मण साहू, मोहित गर्ग, महेश कुर्रे, इस्माइल खान, लक्ष्मीकांत ठाकुर, विनायक पनिक, आनंद कुर्रे, रामू साहू, विपनेश ठाकुर, कोमल मोती लाल साहू, सतीष चतुर्वेदी, पवन सांडे सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनी



**थानखम्हरिया।** मां कुमारी देवी चौबे क्लब के तत्वावधान में देश के पूर्व युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती स्थानीय गांधी चौक में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय, कांग्रेस नेता रोशन सिन्हा, सतीश जोशी, पार्षद वीरेंद्र सिन्हा, पार्षद करीम बेग, नरेश पटेल, माजीद खान, मनीष ठाकुर, संतोष नामदेव, उमाशंकर, शंकर कुंभकार, सनत ठाकुर, सुरेश ठाकुर सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने अपने उद्बोधन में राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान तथा देश में सद्भावना, भाईचारे और एकता की उनकी सोच को स्मरण किया।

**जांच प्रतिवेदन के आधार पर सीईओ ने की कार्रवाई**

# गोढ़ी पंचायत में 31.46 लाख का फर्जी बिल, सचिव बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

धमधा ब्लाक के ग्राम गोढ़ी के पंचायत सचिव महेश रात्रे को गड़बड़ी के मामले में जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बर्खास्त कर दिया है। पंचायत सचिव पर आरोप था कि उसने करीब 31.46 लाख रुपए का फर्जी बिल लगाया। यह बिल कम्प्यूटर और कंस्ट्रक्शन से जुड़े सामानों के थे। इसे लेकर शिकायत हुई। शिकायत के बाद जांच हुई। जांच के बाद पंचायत सचिव को नोटिस जारी किया गया। नोटिस के बाद संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर पहले निलंबन की कार्रवाई की गई। बाद में पंचायत सचिव को बर्खास्त कर दिया गया। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पंचायत स्तर पर कामों में गड़बड़ी बरती गई थी। वित्तीय अनियमितता के इस मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच टीम गठित की गई। जांच के आधार पर पंचायत सचिव पर नियमतः कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक इस मामले को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी।

# बुलेट की टंकी पर बैठकर रोमांस वीडियो वायरल, युवक पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुलेट की पेट्रोल टंकी के ऊपर बैठकर रोमांस करना युवक को भारी पड़ गया। ट्रैफिक पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई कर चाला काटा है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-10 में युवक बुलेट सीजी 07-सीक्यू 7820 को चलाते हुए। युवती बाइक की टंकी पर बिठाकर रोमांस करता नजर आया। उक्त वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसे लेकर ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट मालिक पर चालानी कार्रवाई किया है। युवक का नाम मनीष कुमार बताया गया है। मनीष बुलेट की टंकी में अपनी गर्लफ्रेंड को बिठाकर रोमांटिक अंदाज में वाहन चला रहा था। इस दौरान दोनों ने हेलमेट भी नहीं पहना था। युवक युवती ट्रैफिक नियमों का खुलकर उलंघन करते नजर आए। परवाह किए बिना सड़क पर घूम रहे थे। सड़क पर चलने वालों ने युवक का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जिसे देख ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने नाराजगी जताई है। सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा कि हरकत कपल और सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 129, 194(डी) के तहत कार्रवाई किया है।

## एचआईवी, एड्स रोकथाम पर दिया जायेगा विशेष ध्यान

# स्वास्थ्य विभाग में कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के आदेशानुसार बेमेतरा जिला एच आई वी/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम तहत कम्युनिटी ऐडवाइजरी बोर्ड का गठन किया गया।

जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जिला नोडल अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश की अध्यक्षता में कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में महिला बाल विकास विभाग से जिला प्रोग्राम ऑफिसर चंद्रबेस सिंह सिसोदिया, समाज कल्याण विभाग से बी.एम. बेक, एच आई वी काउंसलिंग एवं जांच सेवा केंद्र जिला चिकित्सालय बेमेतरा से काउंसलर पुराणिक नायक, एसटीआई काउंसलर विनेश्वर जयसवाल,लक्ष्य हस्तक्षेप (टीआई) जीवन रेखा फाउंडेशन कार्यालय बेमेतरा से परियोजना प्रबंधक विकास मेश्राम के साथ विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी स्टाफ, साथ ही एसपी कार्यालय से डीएसपी श्रीमती कौशल्या साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा, स्टेकहोल्डर तौफीक अली, गुलशन सचदेवा, शकुंतला मंडले और रुक्मणी बघेल ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड के गठन के साथ-साथ एचआईवी, एड्स की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की गई। डॉ. चंद्र प्रकाश ने प्रोग्रामेटिक मैपिंग और पॉपुलेशन साइज एस्टीमेशन (पीएम पीएसई) की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने फील्ड में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के उपायों पर प्रकाश डाला गया।

साथ ही यह भी तय किया गया कि कार्यविधि पर नजर रखते हुए किसी भी दुर्घटना या आपात स्थिति में बोर्ड के सभी सदस्यों को तुरंत सूचित किया जाएगा। बैठक में एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्तर पर कार्य करने पर जोर दिया गया। यह बोर्ड जिले में एचआईवी/एड्स की रोकथाम और जागरूकता अभियानों को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पेज 11 का शेष

### शिवनाथ नदी का जलस्तर ...

और बिजली कटौती को लेकर हो रही है। बिजली विभाग के चक्कर क्षेत्र के किसान लगातार ट्रांसफार्मर व बिजली कटौती के साथ लो वोल्टेज को लेकर विभाग के चक्कर काटते नजर आ रहे हैं। कई बार धरना और चक्का जाम की स्थिति बन गई है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में बारिश तक नहीं हो रही है। जिससे किसान के खत सूखकर दरारें पड़ने लगी हैं।

# तीजा पर्व की तैयारी शुरू, बाजार में साड़ियों की दुकान सजी, महिलाओं की भीड़ बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हरेली, राखी, हलषष्ठी के बाद त्यौहारों के इस सीजन में अब महिलाओं के सबसे बड़े तीज पर्व की तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

हालाकि कई उत्साही महिलाओं ने तो तीज पर्व की तैयारियां कई दिनों पहले से ही प्रारंभ कर दी है, लेकिन ज्यादातर महिलाएं अब हलषष्ठी व्रत से निवृत्त होने के बाद तीज पर्व की तैयारियों में जुट गई हैं। तीज पर्व को लेकर नगर में मुख्य रूप से साड़ी और श्रृंगार के साजो सामान का बाजार भी सज चुका है। जहां बड़ी संख्या में महिलाएं अपने घरेलू कामकाज निपटाने के बाद अपनी सखी- सहेलियों और रिश्तेदारों के साथ तीज की तैयारियां पूरी करने पहुंच रही है। उनकी चहल कदमी हाट-बाजारों में साफ दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के इस सबसे बड़े पर्व में महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ सारा दिन निर्जला उपवास रखती हैं।

तीजा की तैयारी में खासी उत्सुकता उन नवविवाहित युवतियों में दिखाई दे रही है जो पहली बार तीजा मनाने ससुराल से मायके जा रही है या आई हैं। इन नई नवेली तिजहारिनों द्वारा साड़ी सहित अन्य सभी सुहाग के सामानों की खरीददारी जोर-शोर से की जा रही हैं। जिसके चलते दुकानों में देर रात तक भीड़ बनी रहती है।

## निर्जला उपवास रखती हैं महिलाएं

### आसपास के गांवों से भी पहुंच रहीं महिलाएं

साड़ी के अलावा जनरल स्टोरों में भी नवविवाहित युवतियों को टोली दिन भर चूड़ी बिंदिया, क्रीम, पाऊडर, लाली, लिपिस्टिक खरीदते नजर आ रही है। तीज पर्व की नजदीकी को देखते हुए आसपास के गांव की युवतियां भी साज-श्रृंगार का सामान खरीदने नगर के श्रृंगार स्टोरों में उमड़ रही है। कुल मिलाकर इस समय बेमेतरा नगर के बाजार में तिजहारिनों का कब्जा है।



### 26 अगस्त को पर्व

छत्तीसगढ़ में सावन महीने से शुरू हुए त्यौहारों के मेले में यह त्यौहार सर्वाधिक दिनो पहले से ही शुरू कर देती हैं। आगामी 26 अगस्त को मनाए जाने वाले इस त्यौहार के लिए महिलाओं द्वारा की जा रही खरीददारी में मुख्य भूमिका साड़ी की है। जिसे लेकर उनमें खरीददारी करने निकल पड़ती है। जिसके चलते एक होड़ सी मची हुई है।

## खबर संक्षेप



### मुड़पार में छह माह से नल जल योजना बंद ग्रामीण परेशान

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत भोईनाभठा के आश्रित ग्राम मुड़पार में नल जल योजना से पीने योग्य पानी लगभग छह माह से बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रमुख से कई बार शिकायत करने के बावजूद पानी की आपूर्ति चालू नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत भी की थी, लेकिन लगभग 25 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस वजह से ग्रामीणों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति और गंभीर हो गई है, क्योंकि नल पाइप की मरम्मत के नाम पर गांव के मुख्य मार्ग पर 5 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया है, जिसे 10–15 दिन से खुला छोड़ दिया गया है। इससे सड़क पर गंभीर दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री की योजनाओं का लाभ सही तरीके से उन्हें नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नल जल योजना चालू करने और सड़क की मरम्मत कर सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता पर आत्मानंद में हुई बैठक



**बेमेतरा।** संकुल केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु संकुल अधीन समस्त संस्था प्रमुखों एवं सहयोगी शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में संकुल प्राचार्य कविता बाचपेयी ने भविष्य में होने वाले सामाजिक अंकेक्षण कार्य के विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान दी। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों से इसकी संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने, समिति का गठन कर सदस्यों को अंकेक्षण कार्य हेतु विभिन्न प्रश्नावली के प्रश्नों से परिचित कराने एवं आवश्यक चर्चा करने दिशा-निर्देश दिया। इस बैठक में व्याख्याता सुनील कुमार झा, नज़ीर अली, प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे, संकुल समन्वयक पूनम साहू सहित संकुल के समस्त विद्यालयों के प्रमुख एवं सहयोगी शिक्षक उपस्थित थे।

### हथियार लेकर दबंगई दिखाने वाला गिरफ्त में

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को दबंगई दिखाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढांचा भवन कुरुद निवासी सोहेल खान उर्फ खलनायक युवक मैदान के पास अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। जामुल पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## तैयारी

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान पर जिले के संकुल प्राचार्यों का प्रशिक्षण संपन्न

# शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने हर स्कूल का सोशल ऑडिट होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा संस्थान डाइट में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जिले के संकुल प्राचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार संपन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि शिक्षा जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। राज्य के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा मिले, चाहे वह किसी भी कोने में क्यों न रहता हो। उन्होंने इसे भविष्य निर्माण की नींव बताया और कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना हम सबका सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य भर के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए बहुआयामी रणनीतियां लागू की गई है।

विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की प्रमुख विशेषता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ, आधारभूत सुविधाएं और शिक्षक उपस्थिति जैसे संकेतकों के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। यह पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल होगी। जो विद्यालय अपेक्षित गुणवत्ता तक नहीं पहुँच पा रहे हैं, उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य न केवल शिक्षा विभाग द्वारा, बल्कि अन्य विभागों के अधिकारियों और



स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से किया जाएगा, जिससे सामुदायिक निगरानी को बल मिलेगा।

डाइट प्राचार्य ने कहा कि एक ओर जहाँ कमजोर विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर मॉडल विद्यालयों का चयन कर भी किया जाएगा। डाइट प्राचार्य ने कहा कि पालक-शिक्षक सहभागिता मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। पालक-शिक्षक बैठकों को एक औपचारिकता नहीं, बल्कि संवाद और सहभागिता का माध्यम बनाया जाएगा। इससे शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और बच्चों की प्रगति पर संयुक्त रूप से कार्य हो सकेगा। इस अभियान के तहत कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष फोकस रहेगा। शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा कि वे आधुनिक शिक्षण विधियों, टेक्नोलॉजी के उपयोग और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाएं, जिससे सीखने की प्रक्रिया आनंददायक और प्रभावी बने। यह अभियान केवल शिक्षा विभाग का नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम शिक्षा को केवल पहुंच का विषय नहीं, बल्कि गुणवत्ता का विषय भी बनाता है। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान न केवल प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाएगा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेगा।

मास्टर ट्रेनर्स और एससीईआरटी के एजुकेटर विकेश यादव ने रूबिक्स में दिए गए सभी स्टार के 20 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और साथ ही सामाजिक अंकेक्षक दल के गठन संबंधी जानकारी को सभी प्राचार्य के बीच विस्तृत रूप से रखा। मास्टर ट्रेनर्स दीपिका साहू के द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर पर तैयार किये गए रुब्रिक्स के 20 प्रश्नों को पीपीटी के माध्यम से संकेतक और अनुलग्नक पर विस्तार से प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर्स दीपिका साहू ने यह भी बताया कि यह 20 प्रश्न 20 क्षेत्रों से संबंधित होंगे। मास्टर ट्रेनर जितेन्द्र सिन्हा ने कहा कि सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में जादुई पिटारा में संकलित सहायक सामाग्री का निर्माण शिक्षक बच्चों के साथ मिलकर अवधारणाओं को समझने में सरलता हो सके। पियर लर्निंग के तहत कक्षा में एक बच्चे ऐसे होते हैं जो किसी विषय एडवांस होते हैं उनको अवधारणा की पूरी समझ होती हैं, उसी कक्षा में एक बच्चा ऐसा होता जिनको पहले बच्चे को जो आता हैं उनको छोड़कर अन्य विषय अच्छे से आता हैं। यदि इन दोनों बच्चों को आपस मे मित्र बना दे तो दोनों बच्चे सभी विषय मे दक्ष हो जाते हैं। इसी को पियर लर्निंग कहा जाता हैं। इन सब का आकलन सामाजिक अंकेक्षण के दौरान किया जाना हैं। मास्टर ट्रेनर्स सागरिका यादव ने माध्यमिक स्तर के रुब्रिक्स के 20 प्रश्नों के ऊपर और उनके दिए हुए संकेतक पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स उद्धव कुमार साहू ने भी माध्यमिक स्तर की विद्यालयों में गठन किये जाने वाले सामाजिक अंकेक्षक दल के गठन की प्रक्रिया और उनमें किन-किन सदस्यों को शामिल किया जाना है पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर साजा और बेरला विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।

# विधायक दीपेश ने नव नियुक्त मंत्रियों से मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक गजेन्द्र यादव, गुरु खुशवंतसाहेब एवं विधायक राजेश अग्रवाल को प्रदेश मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इनके मंत्री पद की शपथ ग्रहण एवं दायित्व संभालने पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू ने राजधानी में मुलाक़ात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि –प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा, विकास कार्यों का गति प्रदान करना एवं हर वर्ग तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना ही किसी भी मंत्री का सर्वोच्च धर्म है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि गजेन्द्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल अपने अनुभव, समर्पण और प्रतिबद्धता के बल पर प्रदेश की सेवा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई राह पर आगे बढ़ेगा।

विधायक साहू ने कहा कि बेमेतरा की जनता भी इस अवसर पर अत्यंत गौरवान्वित एवं प्रसन्न है। यह हम सबके लिए हर्ष और सम्मान की बात है कि हमारे प्रदेश को ऐसे ऊर्जावान एवं कर्मठ नेतृत्वकर्ता प्राप्त हुए हैं। अंत में विधायक दीपेश ने तीनों मंत्रियों को सफल कार्यकाल, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अनुभव और कुशल नेतृत्व प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा।

# एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी नियमितीकरण, ग्रेड पे, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। कर्मचारियों ने बुधवार मुख्यमंत्री व मंत्रियों का मुखौटा पहनकर सरकार को उनके किए वादों की याद दिलाई और जनता के सामने कटघरे में खड़ा किया।

**20 वर्षों की सेवा के बाद भी अधिकारों से वंचितः** प्रदेश में पिछले दो दशकों से संविदा पर कार्यरत कर्मचारी कोरोना काल में फ्रंटलाइन वॉरियर्स रहे। बावजूद इसके, उन्हें आज तक उनका न्यायोचित अधिकार और नियमितीकरण नहीं मिला। शहर से लेकर गांव तक स्वास्थ्य व्यवस्था,



चरमराई संस्थागत, प्रसव, टीकाकरण, टीबी एवं कुष्ठ रोग जांच, गहन नवजात शिशु चिकित्सा इकाई सहित आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पोषण पुनर्वास केंद्र बंद पड़ा है। मौसमी बीमारियों की दवा वितरण एवं जांच प्रभावित उक्त सेवाओं के ठप पड़ने से मरीज दवा और इलाज के लिए भटकने मजबूर हो रहे हैं। वही कर्मचारियों की 10 सूत्रीय माँग जिसमें जिलाध्यक्ष पूरन दास ने बताया कि 20 वर्षों से लंबित माँगों में प्रमुख है संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27% वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल व अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति, 10 लाख तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, कर्मचारियों का आरोप, कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने पहले मंच साझा कर समर्थन जताया था और अब तक 160 से अधिक आवेदन व निवेदन दिए जा चुके हैं। लेकिन 20 माह बीत जाने के बाद भी वादे अधूरे है। शासन की बेरुखी और अड़ियल रवैये के कारण स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई है। संघ का रुख संघ ने स्पष्ट कहा है कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. डोमन यादव, बृजेश दुबे, डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. सुमित मिश्रा, लक्ष्मी पटेल, रेशमी बंजारे, किरण सिंहा, अमर वर्मा, गौरव साहू सहित अनेक साथी शामिल रहे।

# सड़क किनारे घायल मिला युवक पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

देवकर में मंगलवार की रात एक युवक घायल और बेहोश हालत में सड़क किनारे मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।



■ अज्ञात वाहन के ठोकर मारने की आशंका

यह घटना रात 9 से 9.15 बजे के बीच की है, जो दुर्ग रोड पर आद्या फ्यूल पंप के पास हुई। युवक के शरीर पर चोट के निशान देखकर लगता है कि वह किसी चार पहिया वाहन की चपेट में आ गया था। इसे प्रथम दृष्टया हिट एंड र' का मामला माना जा रहा है। युवक के सिर, दाहिनी आंख और माथे पर गहरा घाव था। उसके पैर के पंजे और सीने के अंदरूनी हिस्से में भी गंभीर चोटें थीं और काफी खून बह रहा था। घायल युवक की पहचान वार्ड नंबर 1 निवासी विशाल पिता स्व. दिनेश झा के रूप में हुई है। वह अपने घर में अकेला रहता है, जबकि उसका बड़ा भाई रायपुर में नौकरी करता है। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए देवकर पुलिस के ललित केरकेट्टा ने अपने निजी वाहन से उसे धमधा के सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे दुर्ग अस्पताल रेफर किया गया। अगले दिन विशाल को बेहतर इलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल रायपुर ले जाया गया। परिजनों के अनुसार अब उसकी हालत में सुधार हो रहा है। फिलहाल, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। देवकर पुलिस का कहना है कि पहले युवक के ठीक होने का इंतजार किया जा रहा है, उसके बाद पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु खुशवंत साहेब का नवागढ़ से गहरा लगाव : दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



छत्तीसगढ़ सरकार में बुधवार को गुरु खुशवंत साहेब ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। समाज के धर्मगुरु होने के नाते उनका नवागढ़ क्षेत्र से विशेष और गहरा लगाव है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने बताया कि गुरु खुशवंत साहेब का परिवार दशकों से नवागढ़ के सामाजिक और धार्मिक जीवन में सक्रिय रहा है। उनके पिता, गुरु बालदास साहेब, ने क्षेत्र में सामाजिक सुधार और धार्मिक कार्यों के माध्यम से समुदाय के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

दीवान ने कहा कि गुरु खुशवंत साहेब बचपन से ही स्थानीय लोगों के बीच रहे हैं, उनकी समस्याओं और आकांक्षाओं को समझते हैं और हर स्तर पर मार्गदर्शन करते रहे हैं। उनका नवागढ़ के प्रति यह व्यक्तिगत लगाव उनके राजनीतिक जीवन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए पहल की है। यही कारण है कि नवागढ़ की जनता उनके नेतृत्व में विशेष विश्वास रखती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि कैबिनेट में गजेन्द्र यादव और राजेश अग्रवाल का शामिल होना प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन नवागढ़ क्षेत्र की सबसे बड़ी उम्मीद गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी है।

आगे के दिनों में नवागढ़ में नया राजनीतिक स्वरूप देखने को मिलेगा भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू ने बताया कि गुरु खुशवंत साहेब के मंत्री बनने के बाद नवागढ़ क्षेत्र में राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव की उम्मीद है। उनके सक्रिय नेतृत्व और नई योजनाओं के क्रियान्वयन से विधानसभा के कार्यकर्ताओं और जनता में उत्साह और विश्वास दोनों बढ़ेंगे।

# खुशवंत, गजेन्द्र, राजेश के मंत्री बनने पर कार्यकर्ता में खुशी की लहर



**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार में गुरु खुशवंत साहब, गजेन्द्र यादव और राजेश अग्रवाल को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने के बाद नवागढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जश्न का माहौल बना दिया। राजीव गांधी चौक पर बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और नारेबाजी के बीच नए मंत्रियों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नए मंत्रियों के नेतृत्व में पार्टी और राज्य की प्रगति को और मजबूती मिलेगी। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, महामंत्री मिंटू बिसेन, मोहन चेलक सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत
देवकर, मारो, बेरला, नांदघाट, देवरबीजा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411




